# स्पिड संदेश

अप्रैल - जून 2018 | संस्करण – 7 | त्रैमासिक पत्रिका


## आगामी दिवस

- विश्व स्वास्थ्य दिवस - 7 अप्रैल
- बुद्ध पूर्णिमा - 29 अप्रैल
- विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून
- मीठी ईद - 15 जून
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 21 जून

## क्रम सूची


पहला पेज़ –

- नारी की पहचान
- आगामी दिवस

दूसरा पेज़ –

- शैक्षिक यात्रा
- आगरा
- किडज़ानिया
- अंतराष्ट्रीय योग दिवस- एस. एम. एस. सेंटर
- स्वास्थ्य

तृतीय पेज़ –

- सकारात्मक कहानियाँ

चतुर्थ पेज़ –

- विश्व पर्यावरण दिवस
- समुदायक बैठक

पंचम पेज़ –

- अंताराष्ट्रीय योग दिवस- स्पिड स्मार्ट 1 एवं 2
- कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव
- एक्सपोज़र विज़िट

षष्ठम पेज़ –

- आर . टी . पी
- अवैध शराब की दुकानों से परेशान महिलाओं की एक पहल

सप्तम पेज़ –

- महापंचायत का गठन

अष्ठम पेज़ –

- झलकियाँ


## नारी की पहचान~

नारी तू कब पहचानेगी खुद को
पग- पग छली गयी है तू
कब तक समाज के आगे
खुद को झुकाती रहेगी तू
सदियों से छलती आई है
तू पुरुषों के आगे झुकती आई है
नारी तू कब पहचानेगी ख़ुद को...

इतिहास गवाह है तेरा
तू कदम-कदम पर छली गयी
बन गौतम ऋणी का रूप
इंद्र के द्वारा छली गयी
न ग़लती तेरी फिर भी
पथर की बना दी गयी थी तू
नारी तू कब पहचानेगी खुद को...

बन साधू का रूप
रावण ने तेरा हरण किया
तू वन- वन भटकी जिसके लिए
उसने ही अग्नि परीक्षा ली तेरी
दे अग्नि परीक्षा तू घर आई
फिर घर से निकाली गयी थी तू
न ग़लती तेरी थी कुछ भी
फिर भी धरती मे समा गयी थी तू
नारी तू कब पहचानेगी खुद को...

विवाह हुआ तेरा एक पुरुष से
फिर पाँच में बाँटी गयी थी तू
देख पुरुष की तू कमज़ोरी
उनके ही स्वार्थ के कारण
दाँव पर लगाई गयी थी तू
उस भरी सभा मे पुरुष ही थे
जो चीर हरण देखते रहे
तू चिल्लाती और बिलखती रही
वो उसी सभा मे बैठे रहे
न ग़लती तेरी थी कुछ भी
फिर भी चीर हरण तेरा ही हुआ
नारी तू कब पहचानेगी खुद को...

कब तक बन गांधारी तू
आँखों पर पट्टी बाँधेगी
खोल दे अब इस बंधन को
दुनियाँ देख तू खुद की आँखों से
कब तक बनाए उनके रास्तों पर
नारी तू चलती रहेगी
उठ और जाग अब तू
आख़िर कब तक सोती रहेगी तू
कब पहचानेगी खुद की शक्ति को
खुद के रास्ते कब बनाएगी तू
नारी तू कब पहचानेगी खुद को...

-भारती
स्मार्ट २, नांगलोई



## शैक्षिक यात्रा - आगरा

दिनांक 8 अप्रैल 2018 को 7 स्टाफ़ स्पिड-एस.एम.एस के 32 बच्चों सहित आगरा के शैक्षिक यात्रा के लिए दिल्ली से निकले। बच्चों ने वृंदावन के प्रेम मंदिर की भव्यता तथा मूर्तिकला को देखा और उसके महत्व को जाना।
आगरा के सिकंदरा मे बच्चों ने अकबर का मकबरा देखा, आगरा मे ताजमहल, लालकिला, फतेहपुर सीकरी, सलीम चिश्ती की दरगाह, जोधाबाई का महल तथा बुलंद दरवाजा जैसी एतिहसिक जगह देखीं। आगरा मे रहने, खाने व विश्राम की व्यवस्था संजय प्लेस एम. जी. रोड मे स्थित यूथ हॉस्टिल संस्था द्वारा कराई गयी। यह 3 दिवसीय यात्रा थी जिसका हमारे बच्चों ने ही नही स्टाफ ने भी भरपूर आनंद लिया साथ ही एतिहसिक जगहों की जानकारी भी प्राप्त की।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस

अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 21 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गयी। तभी से हर वर्ष योग दिवस 21 जून को, अंतराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर स्पिड- एस. एम. एस सेंटर में बच्चों को योग को सही रूप से करने के तरीके बताए गये और योगा करने के क्या - क्या फ़ायदे हैं विस्तार से समझाए गये।



## किडज़ानिया

10 मई को, स्पिड -एस. एम. एस के 45 बच्चे जो 6 वर्ष से बड़ी उम्र के थे, 7 स्टाफ़ के साथ नॉइदा मे स्थित किडज़ानिया का दौरा किया। वहाँ बच्चों ने कई गतिविधियों में भाग लिया जैसे कि खाद्य प्रसंस्करण, अग्निशामक बनना, पिज़्ज़ा व बिस्कुट बनाना, जूस बनाना, डॉक्टर व सर्जन बनना इत्यादि। इस यात्रा का बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया और वहां विभिन्न व्यवसायों के कई पहलुओं के बारे में भी जाना।



## स्वास्थ्य

स्पिड- एस. एम. एस मे बच्चों की समय समय पर मेडिकल जाँच की जाती है और बच्चों के स्वास्थ्य का ख़ास ख़याल रखा जाता है जिससे कि बच्चे स्वस्थ और तंदुरुस्त रहें I 20 अप्रैल को केंद्र में 45 बच्चों के हेमोग्लोबिन परीक्षण किए गए, रिपोर्ट के अनुसार जिन बच्चों को विशेष देखभाल की ज़रूरत थी उन पर विशेष ध्यान दिया गया I न्यूट्रीशनिस्ट की मदद से बच्चों की आयु और स्वास्थ्य अनुसार आहार दिया गया, उन सभी बच्चों की सेहत में पहले से बहुत सुधार है I

# सकारात्मक कहानियाँ ...

10 वर्षीय अ..., जो स्पिड- एस. एम. एस. सेंटर मे 2015 से रह रहा है, 27 जून 2018 को वह अपनी माँ से करीब 5 महीने बाद मिला, वह 2015 से अपनी बहनों से भी नही मिल पाया है, जो दूसरे चिल्ड्रेन होम में हैं, वह होम बहनों से मिलने नही देता I अ.... की माँ की तरफ से होम के खिलाफ मुकदम्मा चल रहा है I अपने घरवालों से न मिलने कारण अ... बहुत परेशान रहता था, स्पिड-एस.एम.एस सेंटर ने मनोवैज्ञानिक की सहायता ली, विशेष गतिविधियों के द्वारा अ... की मनोस्थिति जानने की कोशिश की गयी, जिसके बाद अ... के व्यवहार व अन्य गतिविधियों में सुधार आया है I

2 वर्षीय भू... को दिसंबर 2016 में स्पिड- एस. एम. एस. सेंटर में केवल दिन मे रहने के लिए भर्ती कराया गया, जिसके कुछ दिनों बाद वह रात मे भी रहने लगी I उससे पहले वह कोठे के वातावरण में अपनी माँ के साथ रह रही थी, बच्ची की माँ, ज... को बहुत समझाया गया, जिसके बाद ज... ने बच्ची को सेंटर में भर्ती कराया I 19 अप्रैल 2018 को, ज... भू... को सेंटर से लेकर के गयी जिसके बाद बच्ची सेंटर मे वापस नही आई I 9 मई 2018 को ज... भू... को आपातकालीन स्थिति मे दिन व रात के लिए सेंटर मे भर्ती करने आई, इस समय भू... 4 वर्ष की थी I ज... शराब पीती थी, TB से पीड़ित होने के साथ साथ वह कई गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित थी, शराब पीने के कारण ज... का गुर्दा खराब होता जा रहा था I ज... बीमारी के कारण कमा नही पाती थी जिसके कारण उसका तथाकथित दलाल पति उसे मारता पीटता था I ज... अपने परिवार के पास, हैदराबाद जाना चाहती थी, लेकिन वो लगभग 5 वर्षों से अपने परिवार के साथ किसी संपर्क में नही थी I ज... का तथाकथित दलाल पति भू... को अपनी बेटी कहकर उसे अपने कब्ज़े मे लेना चाहता था परंतु स्पिड- एस.एम.एस सेंटर ने बच्ची व माँ, दोनों को CWC नई दिल्ली की मदद से, दलाल पति से बचाकर, ज... की इच्छा अनुसार पुनर्वास का बंदोबस्त कराया I

द... करीब 10 साल से स्पिड- एस. एम. एस सेंटर मे रह रहा था I बच्चा बहुत ही मेहनती व होनहार था, पढ़ाई के साथ-साथ बच्चा अन्य गतिविधियों में भी अच्छा था, चित्रकारी और नृत्य मे भी बच्चे की रूचि थी, उसने चित्रकारी मे कई ईनाम भी जीते हुए हैं I द... अब 14 वर्ष का हो चुका था, स्पिड- एस. एम. एस मे जगह की कमी होने के कारण, 14 वर्ष या अधिक उम्र के बच्चों को रखने की व्यवस्था न होने के कारण, उसकी उम्र के बच्चे नही थे, जिसके कारण द... को अकेलापन महसूस होता था, अंत मे उसे सेंटर से दूसरे होम मे भर्ती करना पड़ा I






# विश्व पर्यावरण दिवस

05 जून, 2018 को स्पिड सोसाइटी के सभी केंद्रों पर विश्व आपर्यावरण मनाया गया जिसके अंतर्गत स्पीड- स्मार्ट उत्तम नगर व नांगलोई के छात्रों व कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा पेड़ पौधों की रख- रखाव की जानकारी व जागरूकता के लिए रैली का भी आयोजन किया, जिसमे पार्क मे जाकर वृक्षारोपण किया गया l इस अवसर पर स्पिड सोसाइटी के निदेशक श्रीमान अवधेश यादव व जनक पुरी क्षेत्र से विधायक श्रीमान राजेश ऋषि भी मौजूद थे l



# समुदायक बैठक

18 मई 2018 को स्पिड महिला पंचायत के माध्यम से सावदा कॉलोनी 'ज' ब्लॉक के वाइ. एम. सी. ए. मे समुदायक बैठक का आयोजन किया गया, मीटिंग में सभी महिलाओं एवं बालिकाओं का सर्वप्रथम स्वागत किया गया, इसके बाद हमने महिलाओं एवं सभी बच्चों को घरेलू हिंसा व हिंसा के प्रकार के बारे में जानकारी दी, जिसमे उन्हे बताया गया कि अगर किसी महिला को अपने पति, ससुराल, आस पड़ोस के लोग या कोई अजनबी व्यक्ति आपको छति पहुँचाता है तो आप इसकी जानकारी स्पिड महिला पंचायत मे दें और अपनी शिकायत दर्ज़ कराए और अगर किसी महिला के साथ क्रूर व्यवहार होता है या मारपीट होती है तो आप इसकी सूचना हमे दें और महिला हेल्प लाइन नंबर 181 पर कॉल करें, अपनी समस्या उन्हे बताए वो आपकी मदद करेंगे I हमने बताया स्पिड महिला पंचायत महिलाओं की समस्या का समाधान भी करती है जिससे महिलाओं को अपने जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिले और सुखद जीवन जी सकें l इसी के साथ अपनी वाणी को विराम देते हुए हमने सभी महिलाओं का धन्यवाद किया l



# अंतराष्ट्रीय योग दिवस

स्पिड संस्था द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों पर 21 जून 2018 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत स्पिड- स्मार्ट उत्तम नगर के छात्रों व स्पिड के सभी साथियों को सुबह 6 बजे काली बस्ती पार्क मे उपस्थित होने का आदेश दिया गया जहाँ श्रीमती बिंद्रा भी योग गुरु के रूप मे मौजूद थी, सभी ने योग किया व उससे होने वाले फ़ायदे के बारे में भी जानकारी प्राप्त की । इसी प्रकार स्पीड- स्मार्ट नांगलोई में भी छात्र- छात्राओं ने भी योग गुरु श्रीमान प्रमोद जो कि एक्यूप्रेशर प्रशिक्षित भी हैं उनकी मौजूदगी में योग दिवस मनाया, एक्यूप्रेशर व योग फ़ायदे भी जाने कि किस तरह योग शरीर व स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।






# कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव

23 जून 2018 को स्पिड स्मार्ट के उत्तम नगर सेंटर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत जिन छात्रों का 4 महीने का कोर्स स्पिड स्मार्ट में पूरा हुआ चुका था उन छात्रों नेजॉब इंटरव्यू मे भाग लिया । इस ड्राइव मे स्पिड स्मार्ट सेंटर के ट्रेनर्स के साथ स्पीड सोसाइटी के जन्मदाता श्रीमान अवधेश यादव भी उपस्थित थे. यह इंटरव्यू पेस सेटर (Pace Setters) कंपनी के 2 साक्षात्कारकर्ता द्वारा आयोजित किया गया, हमारे 35 छात्रों ने भाग लिया जिसमे से 9 छात्रों का चयन किया गया। इसी प्रकार 25 जून 2018 को स्पिड स्मार्ट के नांगलोई सेंटर में भी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमे 37 छात्रों ने भाग लिया और 20 छात्रों का जॉब के लिए चयन किया गया ।

# एक्सपोज़र विज़िट

स्पिड- स्मार्ट (उत्तम नगर व नांगलोई) में चलाए जा रहे कौशल विकास केंद्र के छात्रों को मई माह में एक्सपोज़र विज़िट के लिए ले जाया गया, जिसके अंतर्गत उत्तम नगर के छात्रों को TDI मॉल राजौरी गार्डन व नांगलोई के छात्रों को MOMENTS मॉल कीर्ति नगर के टाटा वेस्टसाइड स्टोर में ले जाया गया । स्टोर के कर्मचारियों द्वारा छात्रों को रिटेल सेल्स व विभिन्न प्रकार के कपड़ों के प्रकार व गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी जिससे हमारे छात्रों को आभ्यासिक, व्यावहारिक ज्ञान मिले अथवा भविष्य मे उनके रोज़गार मे मदद कर सके ।



# आर . टी . पी.

आर. टी. पी. (रेपिड टेस्टिंग प्रोग्राम) दिल्ली में स्पिड सोसाइटी द्वारा संचालित किया जाता है , जिसके दौरान हम समुदाय के अलग- अलग उच्च जोखिम छेत्रों (एच. आर. जी. एरिया) में जाकर कैंप लगाते हैं. इस कैंप में हम ज़्यादातर उन लोगों पर फोकस करते हैं जो हमारे एच. आर. जी. एरिया मे आते हैं जैसे कि- नर जो पुरुषों के साथ यौन संबंध रखते हैं (एम. एस. एम.), दवा उपयोग इंजेक्शन (आइ. डी. यू.- इंजेक्टिंग ड्रग यूज़), प्रवासी, ट्रांसजेंडर इत्यादती, और निशुल्क एचाइवी (एच. आइ. वी.) की जाँच करते हैं, जाँच के 15 मिनिट में रिपोर्ट भी देते हैं।

अप्रैल से जून माह तक की अवधि मे हमने कुल 2510 लोगों की जाँच की जिसमे 1323 पुरुष थे शेष महिला थीं, कुल लोगों में 19 लोग एच. आइ. वी. से संक्रमित थे जिसमे से 9 (4 महिला 5 पुरुष) संक्रमित लोगों की ए. आर. टी. दवाईयाँ शुरू कराई गयी, साथ ही साथ लोगों को कॉंडम के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। 3 माह की अवधि में हमने 8702 कॉंडम लोगों को दिए हैं ।




## अवैध शराब की दुकानों से परेशान महिलाओं की एक पहल...



स्पिड महिला पंचायत के द्वारा व दिल्ली महिला आयोग के सौजन्य से एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे दिल्ली पुलिस की २ महिला पुलिसकर्मी कमलेश और सुमन जी व दलसा (DLSA) के २ वकील दिव्या भूषण और अरुण भूषण जी भी शामिल हुए। मीटिंग मे दिल्ली पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से बात की व उनकी परेशानियों को जाना, महिलाओं ने उन्हे अपने एरिया मे बिक रही अवैध शराब की दुकानों के बारे मे बताया व उससे होने वाली परेशानियों को सामने रखा। महिलाओं को जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। दलसा (DLSA) के वकीलों ने महिलाओं की परेशानियों को सांझा करके उन्हें उनके क़ानूनी अधिकारों के बारे मे जागरूक किया।

# महा पंचायत का गठन

दिल्ली मे बढ़ती हुई रेप, छेड़छाड़ जैसी घाटनाओं को लेकर पिछले कुछ समय से दिल्ली महिला आयोग के द्वारा चलाए जा रहे रेप रोको अभियान के अंतर्गत स्पिड सोसाइटी के महिला पंचायत के द्वारा दिल्ली महिला आयोग के सहयोग से दिल्ली के सावदा घेवरा, जे जे कॉलोनी मे महा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके दौरान दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष महोदया सुश्री स्वाती मालीवाल , उपजिलाधरीकारी , सहायक पुलिस कमिश्नर , निगम पार्षद, स्पिड संस्था के निदेशक व उपाध्यक्ष महोदया, विभिन्न सामाजिक सँस्थाए व छेत्रवासी उपस्थित थे।




छेत्र मे बढ़ते हुए अवैध शराब की बिक्री , लड़कियों के साथ आए दिन हो रही छेड़छाड़, साफ सफाई को लेकर अधिकारियों ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया । साथ की सुश्री स्वाती मालीवाल जी ने समुदाय की महिलाओं से सीधी बात की व सावदा कॉलोनी के निवासियों की सभी प्रकार की परेशानियों को भी सांझा किया।

सावदा कॉलोनी मे चल रहे अवैध शराब की दुकानों के बारे मे भी समुदाय के लोगों से बात की व लोगों से ये भी जाना कि सावदा मे किस किस जगहों पर अवैध शराब की दुकानें हैं। सुश्री स्वाती मालीवाल जी ने शराब से ग्रस्त परिवारों से भी बात की व महिलाओं को अवैध शराब की दुकानें बंद कराने का आश्वासन भी दिया, साथ ही उन्होनें दिल्ली व पुर भारत मे बढ़ती रेप जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी को एक साथ आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया व कार्यक्रम के उपस्थित सभी उपजिलाधिकारी, सहायक पुलिस कमिश्नर , निगम पार्षद आदि को सही व ज़िम्मेदारी के साथ कार्य करने की सलाह दी।

सुश्री स्वाती मालीवाल जी ने कॉलोनी की महिलाओं को अपना फ़ोन नंबर दिया व किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर फ़ोन करने को भी बोला साथ ही साथ दिल्ली महिला आयोग का महिला हेल्प लाइन नंबर की जानकारी भी महिलाओं को दी।

अंत मे बुराई के खिलाफ पुतला दहन करके बुराई को ख़त्म करने का प्रण लिया व सभी का धन्यवाद कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।




हिन्दुस्तान • आगरा • शनिवार • 26 मई 2018 •



यूथ हॉस्टल में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम में बोलते अधिवक्ता अचल शर्मा।

## मीडिएशन सेंटर का लाभ उठाएं पक्षकार

**आगरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल में शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अचल शर्मा ने कहा कि मिडिएशन सेंटर के माध्यम से पक्षकार अपने मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराते हैं। कार्यक्रम में अवधेश यादव, एडवोकेट मेघ सिंह, रमाकांत शर्मा, मनीष अग्रवाल, रजनी सिंह, सोमा जैन, राज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस आदि उपस्थित रहे।




# झलकियाँ








## संपादकीय टीम

- अवधेश यादव
- ललिता एस. ए.

स्पिड सोसाइटी - डब्ल्यू. ज़ेड. - 1374 ए/ 2, द्वित्य तल, कृष्णा भवन, नांगल राया, दिल्ली- 46

संपर्क - 09311257097, 9818759685

www.spidsociety.org, sandesh@spidsociety.org